जागरण

ब्रांडेड कंपनियों का नकली सामान बेचते आठ गिरफ्तार

Publish Date:Sun, 04 Aug 2019 06:10 PM (IST)

स्थानीय पुलिस ने घर घर जाकर ब्रांडेड कंपनियों का नकली सामान बेचने के आरोप में आठ को गिरफ्तार किया है।

संवाद सहयोगी, सादिक

पुलिस ने घर घर जाकर ब्रांडेड कंपनियों का नकली सामान बेचने के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान यूपी निवासी सर्वेश कुमार, नरिन्द्र कुमार, राहुल, फिरोजपुर निवासी गुरदयाल सिंह, सोनू, जसवंत सिंह, लुधियाना निवासी रमन कुमार व फिरोजपुर निवासी राजू के रूप में हुई जिनके खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया।

पुलिस ने बताया कि एसआइ विजय कुमार की अगुवाई वाली पुलिस पार्टी को सूचना मिली थी कि उक्त लोग घर घर जाकर हार्पिक, क्लीनिक प्लस व डिशवाश कंपनियों का नकली सामान बेच रहे है। ऐसे करके उनके द्वारा लोगों के साथ ठगी की जा रही है और सरकार को भी टैक्स का चूना लगाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद छापेमारी करते हुए इन्हें काबू कर लिया और इनसे 18 बोतलें हार्पिक, 25 बोतल क्लीनिक प्लस व 18 बोतलें डिशवास की बरामद हुई जोकि नकली है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/punjab/faridkot-eight-arrest-in-fraud-in-sadik-19460776.html